Postal Regn No/ RYP DN/ 34/2020-22

शहर की

# जनता से रिश्ता

छत्तीसगढ़ का पहला मिड-डे अखबार

हिन्दी दैनिक

जो दिखेगा वो छपेगा

www.jantaserishta.com corporate@jantaserishta.org » चैत्र शुक्ल पक्ष: प्रतिपदा » ★ रायपुर, बुधवार 25 मार्च 2020 » वर्ष : 07 अंक : 326 » पृष्ठ - 12 » मूल्य - 2 रुपए

## कोरोना के खिलाफ 'महायुद्ध' : पूरा देश लॉकडाउन

# 21 दिन के 'व्रत' पर इंडिया

## महामारी पर पीएम मोदी का संबोधन: घर पर ही आप सुरक्षित हैं

**नई दिल्ली (ए/टीवी चैनल्स)।** आज से नवरात्रि शुरू हो रही है, श्रद्धालु लोग 9 दिनों तक व्रत रखते हैं लेकिन कोरोना की महामारी से बचने के लिए अब देश को 21 दिनों का 'व्रत' लेना पड़ेगा। पीएम मोदी ने पूरे देश में 21 दिनों के लॉकडाउन का ऐलान किया है। गौरतलब है कि अब तक 569 कंफर्म केस मिले हैं। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 46 लोग ठीक हो चुके है। यानी अभी तक 513 केस एक्टिव है। कोरोना से सबसे अधिक महाराष्ट्र और केरल प्रभावित हैं। महाराष्ट्र में 107 और केरल में 105 केस सामने आए हैं। आज तमिलनाडु में एक और मौत हुई है। कोरोना के बढ़ते केसों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 दिन के लॉकडाउन का ऐलान किया है। यह लॉकडाउन आज से लागू हो गया है और 14 अप्रैल तक चलेगा। दफ्तर, बाजार, सार्वजनिक परिवहन सबकुछ बंद है। प्रधानमंत्री ने साफ-साफ कहा है कि इन 21 दिनों तक इस देश में कोई भी अपने घर से बाहर कदम नहीं रखेगा। केवल जीवनरक्षक सेवाएं ही इस दौरान जारी रहेंगी। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, आज से नवरात्रि शुरू हो रही है। वर्षों से मैं मां की आराधना करता आ रहा हूं। इस बार की साधना मैं मानवता की उपासना करने वाले सभी नर्स, डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ, पुलिसकर्मी और मीडियाकर्मी, जो कोरोना के खिलाफ लड़ाई में जुटे हैं, के उत्तम स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सिद्धि को समर्पित करता हूं। पीएम मोदी ने कल मंगलवार को देश के नाम अपने संबोधन में इसी बात पर सबसे ज्यादा जोर दिया कि देशवासी कोरोना से बचने के लिए घर से न निकलें। उन्होंने एक पोस्टर भी दिखाया और प्रार्थना की कि घर पर रहने से ही आप कोरोना से बच सकते हैं और देश विकट स्थिति का सामना कर सकता है। इस खतरनाक वायरस के खिलाफ सबसे अहम हथियार सोशल डिस्टेंसिंग को सख्त तरीके से लागू करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

कोरोना वायरस से तमिलनाडु प्रदेश में पहली मौत की खबर सामने आ रही है। यह मरीज तमिलनाडु में मदुरै के राजाजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, मरने वाले व्यक्ति को कई रोग थे। उसे ब्लड प्रेशर और मधुमेह भी था। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ सी विजयबास्कर ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मरीज का इलाज तमिलनाडु में मदुरै के राजाजी अस्पताल में किया जा रहा था। वह कई अन्य बीमारियों से भी ग्रसित था। मंगलवार रात उसकी मौत हो गई।

**गुजरात में 3 नए मामले :** गुजरात में बुधवार को तीन नए मामले सामने आए हैं। अहमदाबाद में एक महिला, सूरत वड़ोदरा में एक-एक पुरुष पॉजिटिव मिले हैं। गुजरात में कोरोना के मरीजों की संख्या 38 और देश में 569 हो गई है।

राजस्थान के जोधपुर में एक और मामले सामने आया है। देश भर में मरीजों की संख्या 566 हो गई है। मध्य प्रदेश में कोरोना के पांच नए मामले सामने आए हैं। इंदौर में 4 और उज्जैन में 1 पॉजिटिव केस मिला है। राज्य में कोरोना मरीजों की संख्या 14 हो गई है। देशभर में मरीजों की संख्या बढ़कर 565 हो गई है।

### कोरोना को लेकर केंद्र सरकार ने 15 हजार करोड़ के फंड का प्रावधान किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य सेवाओं को राज्य सरकारों की एकमात्र प्राथमिकता बताते हुए मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण से पैदा संकट से निपटने के लिये 15 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर एक सप्ताह से भी कम समय में राष्ट्र के नाम अपने दूसरे संदेश में मोदी ने कहा कि कोरोना से जुड़ी जांच की सुविधा, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, आईसीयू बिस्तर, वेंटिलेटर और अन्य जरूरी संसाधनों की संख्या तेजी से बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने कोरोना वायरस से निपटने के लिये देश के स्वास्थ्य आधारभूत ढांचे को और मजबूत बनाने के लिए 15 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। मोदी ने कहा, '' मैंने राज्य सरकारों से अनुरोध किया है कि इस समय उनकी पहली प्राथमिकता, सिर्फ और सिर्फ स्वास्थ्य सेवाएं ही होनी चाहिए। उन्होंने लोगों से कोरोना वायरस को लेकर अफवाह और अंधविश्वास से बचने की सलाह दी और कहा कि इस बीमारी के लक्षणों के दौरान बिना डॉक्टरों की सलाह के कोई भी दवा न लें। प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा कि किसी भी तरह का खिलवाड़, आपके जीवन को और खतरे में डाल सकता है।

**ये सुविधाएं रहेंगी जारी :** बंद के दौरान आवश्यक सेवा को मुक्त रखा गया है यानि सब्जी, राशन, दवा, फल की दुकानें खुली रहेंगी। बैंक, इंश्योरेंस दफ्तर और एटीएम खुले रहेंगे। पेट्रोल पंप, सीएनजी पंप, गैस रिटेल खुले रहेंगे। अस्पताल, डिस्पेंसरी, क्लीनिक, नर्सिंग होम खुले रहेंगे। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के दफ्तर खुले रहेंगे। इंटरनेट, ब्रॉडकास्ट और केबल सर्विस जारी रहेगी।

**लॉकडाउन के कारण बंद रहेंगे ये :** लॉकडाउन के दौरान सरकारी और निजी दफ्तर बंद रहेंगे। रेल, हवाई और रोडवेज की सेवा नहीं मिलेगी। मॉल, हॉल, जिम, स्पा, स्पोर्ट्स क्लब बंद रहेंगे। सभी रेस्टोरेंट और दुकानें बंद रहेंगी। होटल, मोटल, धार्मिक स्थल बंद रहेंगे। सभी स्कूल-कॉलेज पर ताला रहेगा। सभी फैक्ट्रियां, वर्कशॉप, गोदाम और साप्ताहिक बाजार बंद रहेंगे।

**ऑनलाइन बुकिंग का पैसा खुद मिलेगा :** इससे पहले, रेलवे ने 22 मार्च से लेकर 31 मार्च तक मालगाड़ी छोड़कर सभी पैसेंजर और मेल एक्सप्रेस को बंद करने का फैसला किया था। इस निलंबन में सभी उपनगरीय ट्रेन सेवाएं भी शामिल हैं। इस बीच, भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम ने लोगों से कहा है कि वे ट्रेनों की ऑनलाइन बुक की गई टिकटों को रद्द न करें और उन्हें खुद ही पूरा पैसा मिल जाएगा।

### पीएम मोदी आपसे क्या चाहते हैं

- 21 दिनों के लिए अपने घरों से बाहर बिल्कुल नहीं निकलें
- सामाजिक दूरी बनाने की कोशिश करें
- अफवाह बिल्कुल भी न फैलाएं
- भय का माहौल बनाने की कोशिश न करें
- खुद का एवं अपने परिवार के सदस्यों का ख्याल रखें
- डॉक्टर के परामर्श के बिना कोई भी दवाई न लें
- अंधविश्वास को किसी भी स्तिथि में बढ़ावा नही दें
- पुलिस, स्वास्थ्य सेवा जैसे आवश्यक सेवा प्रदाताओं के लिए प्रार्थना करें

### लॉकडाउन तोड़ा तो देखते ही गोली मारें! तेलंगाना के सीएम का बयान

कोरोना वायरस के खिलाफ जंग लड़ रहे भारत में आज से 21 दिन का लॉकडाउन शुरू हो गया है। इस बीच तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव ने लॉकडाउन का पालन नहीं करने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। चंद्रशेखर राव ने कहा है कि अगर लोग लॉकडाउन के दौरान घरों से बाहर निकले तो उनके पास देखते ही गोली मारने का आदेश देने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। मीडिया से बातचीत के दौरान तेलंगाना के सीएम ने कहा कि अगर लोग लॉकडाउन के आदेश का उल्लंघन करते रहे तो मुझे 24 घंटे के कर्फ्यू का आदेश देना होगा। केसीआर ने कहा, ऐसे हालात मत पैदा कीजिए, जहां सरकार के पास पुलिस को देखते ही गोली मारने का आदेश देने के अलावा कोई विकल्प न बचे। सोमवार और मंगलवार को लोग जिस तरह लॉकडाउन तोड़कर बाहर निकले, उससे केसीआर नाराज नजर आए।

### लॉकडाउन, नियम तोड़ने पर दो साल तक की जेल

देशभर में कोरोना वायरस के चलते लॉकडाउन कर दिया गया है। अगले 21 दिन आपको घर में ही रहना है। जबतक बेहद जरूरी हो घर से न निकलें क्योंकि ऐसा करते पाए जाने पर सजा और जुर्माने दोनों का प्रावधान किया गया है। इसमें सजा को एक महीने से 2 साल तक बढ़ाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार रात को देश में 21 दिन के लॉकडाउन की घोषणा की। 21 दिन के लॉकडाउन के दौरान नियम और गाइडलाइंस नहीं मानने वाले पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के सेक्शन 51 के तहत कार्रवाई होगी। इसमें सजा और जुर्माने दोनों की बात है। लॉकडाउन नहीं मानने पर 200 रुपये का जुर्माना और साथ ही 1 महीने की सजा।

### ICMR का दावा, लॉकडाउन से कोरोना में आ सकती है 89% की कमी

कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर पूरे भारत में आज से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉकडाउन का एलान कर दिया है। विशेषज्ञों और देश के प्रमुख स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान ने भी सोशल डिस्टेंसिंग और लॉकडाउन को कोरोना वायरस से लड़ने के लिए सबसे बड़ा हथियार बताया है। आइसीएमआर के मुताबिक, अगर लॉकडाउन का पालन किया गया, तो ऐसा करने से कुल संभावित मामलों की संख्या 60 फीसद तक कम हो जाएगी। वहीं, इस तरह के मामले में सर्वाधिक 89 फीसद की कमी आएगी। भारत में अबतक कोरोना वायरस के 536 मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि, हम अभी तक कम्युनिटी ट्रांसमिशन की स्टेज में नहीं पहुंचे हैं। ये भी बता दें कि 35 लोग कोरोना वायसर को मात देकर ठीक भी हो चुके हैं। भारत में सिर्फ 10 लोगों की मौत कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण हुई है। आइसीएमआर के साथ-साथ कई सरकारी संस्थाएं कोविड-19 के प्रसार को रोकने के तरीकों को खोजने में जुटे हुए हैं। कोरोना वायरस के फैलने की रफ्तार की शुरुआती समझ के आधार पर आइसीएमआर ने जो गणितीय मॉडल तैयार किया है, उसके मुताबिक कोरोना वायरस के संदिग्ध लक्षणों वाले यात्रियों की प्रवेश के समय स्क्रीनिंग से अन्य लोगों में वायरस के संक्रमण को एक से तीन सप्ताह तक टाला जा सकता है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूरे देश में लॉकडाउन की घोषणा की। उन्होंने हाथ जोड़कर लोगों से प्रार्थन की है कि खुद को सुराक्षित रखने के लिए सिर्फ अपने घरों में रहें। यहीं, सबसे अच्छा तरीका कोरोना वायरस से लड़ने का है।

## आज से नवरात्रि

### 178 वर्ष बाद बना है महासंयोग

**नई दिल्ली (ए./नेट डेस्क)।** कोरोना वायरस के आतंक के बीच चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा बुधवार चैत्र वासंती नवरात्रि शुरू होगी। नौ दिनों तक पूरे विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जायेगी। साथ ही श्रद्धालु मां दुर्गा व खुद के साथ अपने परिवार,प्रदेश और देश के लिए प्रार्थना करेंगे। इसी तिथि से हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत2077 भी शुरू होगा। ब्रह्म पुराण के मुताबिक ब्रह्मा ने इसी संवत में सृष्टि के निर्माण की शुरुआत की थी। चैत्र नवरात्रि में भगवान विष्णु के दो-अवतार मत्स्यावतार और रामावतार होता है। साथ ही सूर्योपासना का पर्व चैती छठ, भगवान राम व हनुमानजी का पूजन भी होता है।

25 मार्च को प्रतिपदा तिथि दिन में 3 बजकर 50 मिनट तक व्याप्त रहेगी तत्पश्चात द्वितीया तिथि लग जाएगी। अत: प्रतिपदा तिथि में ही कलश स्थापना किया जाएगा। कलश स्थापना सूर्योदय से दिन में 3 बजकर 50 मिनट तक की जा सकती है। इस दिन रेवती नक्षत्र सूर्योदय से रात तक व्याप्त रहेगी। ब्रह्म योग सूर्योदय से दिन में 2:40 बजे तक। चंद्रमा एवं सूर्य मीन राशि में होंगे, वहीं शुक्र स्वगृहाभिलाषी होकर मेष राशि में, बुध कुम्भ राशि में और एक राहु मिथुन राशि में । गुरु एवं केतु धनु राशि में रहेंगे, वहीं गुरु स्वगृही होंगे। मंगल एवं शनि मकर राशि में होंगे। जहां मंगल उच्च के एवं शनि स्वगृही है।

**चैत्र नवरात्रि पर 178 वर्ष बाद बना है महासंयोग:** ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक नवरात्रि के दौरान 30 मार्च को गुरु का राशि परिवर्तन मकर में होगा। मकर में शनि पहले से ही है जबकि गुरु नीच राशि में होंगे। शनि के वहां अपनी ही राशि में रहने से नीच भंग राजयोग बनेगा। ऐसा योग यानी नवरात्रि में गुरु का राशि परिवर्तन मकर राशि में आज से 178 वर्ष पहले 6 अप्रैल 1842 में बना था।

## कोरोना की चपेट में चार लाख से अधिक लोग, 18,901 से अधिक मौत

**जिनेवा (ए.)।** दुनिया भर में कोरोना के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। महामारी का रूप ले चुके इस वायरस से अभी तक 18,901 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 4 लाख से ज्यादा लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। भारत में इसके खतरे को देखते हुए 21 दिन के लिए पूर्ण रूप से लॉकडाउन कर दिया गया है। सबसे ज्यादा नुकसान इटली में हुआ है जहां 6,820 लोगों की मौत हो चुकी है। दुनिया भर के देशों से कोरोना वायरस से जुड़े अपडेट्स के लिए इस पेज को रिफ्रेश करते रहें। डब्ल्यूएचओ के प्रवक्ता ने मंगलवार को जिनेवा में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यूरोप अभी भी इस महामारी का बड़ा केंद्र बना हुआ है, लेकिन अमेरिका में कोरोना के मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। यहां तेजी से प्रसार हो रहा है। ताजा जानकारी के अनुसार अमेरिका में 600 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। कहीं इटली में 5000 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। चीन के हुबेई में 7 लोगों की मौत के बाद प्रांत में कुल मृतकों की संख्या 3160 हो चुकी है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) के मुताबिक प्रांत में 4200 मरीजों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इसमें से 1203 की हालत गंभीर है और 336 लोगों की स्थिति अति गंभीर है।

## लॉकडाउन की घोषणा के बाद कांग्रेस का आया रिएक्शन

**नई दिल्ली (ए।)।** पीएम मोदी द्वारा लॉकडाउन की घोषणा के बाद कांग्रेस का रिएक्शन आया है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट किया, आदरणीय मोदी जी, देश तो लॉकडाउन का हर आग्रह मानेगा। पर आपने करोना की महामारी को रोकने के लिए क्या किया? स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा कैसे होगी? करोना से पैदा हुए रोज़ी रोटी के महासंकट का क्या हल किया? ग़रीब, मज़दूर, किसान, दुकानदार, दिहाड़ीदार के 21 दिन कैसे कटेंगे? सुरजेवाला ने आगे लिखा, करोना से लड़ने के लिए डॉक्टर-नर्स-स्वास्थ्य कर्मियों को लैस करना ज़रूरी है पर उनके लिए एन-95 मास्क, 3 प्लाई मास्क, हैज़मैट सूट उपलब्ध क्यों नहीं? देश को मार्च में ही 7.25 लाख बॉडी सूट, 60 लाख एन-95 मास्क, 1 करोड़ 3 प्लाई मास्क की ज़रूरत है। ये कब मिलेंगे? दुर्भाग्यपूर्ण लेकिन सत्य! करोना के फैलाव के 84 दिन बाद आपकी सरकार ने आज 24 मार्च को वेंटिलेटर, सांस लेने के उपकरणों व हैंड सैनिटाइजर के निर्यात पर रोक लगाई है। करोना संक्रमण से लड़ने के लिए यही आपकी तैयारी है? अब जागे तो क्या जागे! उन्होंने कहा, आपने करोना से लड़ने के लिए 50 मिनट के दो भाषण दिए। देश स्तब्ध है की करोड़ों फ़ैक्टरी व खेत मज़दूरों, दिहाड़ीदारों, मनरेगा श्रमिकों, रेहड़ी-ठेलावालों, असंगठित क्षेत्र के कामगारों की रोज़ी रोटी के लिए एक शब्द नहीं कहा।

## नोबेल विजेता वैज्ञानिक ने कहा- घबराहट न फैले, स्थिति उतनी भयावह नहीं होगी

**स्टैनफोर्ड (ए.)।** कोरोना महामारी से जहां पूरी दुनिया डरी हुई है और करोड़ों लोग घर के अंदर कैद होने को मजबूर हो गए हैं वहीं 2013 में रसायन का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले माइकल लेविट उम्मीद की एक किरन दिखाते नजर आते हैं और उनका कहना है कि जिस तरह से कई लोग इसके भयावह होने का अनुमान जता रहे हैं, वास्तव में ऐसा नहीं होगा। वह जोर देकर कहते हैं कि सबसे ज्यादा जरूरी है कि लोगों की घबराहट पर नियंत्रण किया जाए। उनका मानना है कि इसकी ट्रैजक्ट्री उतनी डरावनी नहीं है जितनी मानी जा रही है।

**चीन, कोरिया के लिए अनुमान सच साबित हुआ :** पिछले महीने चाइना डेली न्यूज से बातचीत मे लेविट ने कहा था कि वायरस की रफ्तार अपने उच्च स्तर पर है। आगे उन्होंने यह अनुमान जताया था कि चीन में पॉजिटिव केस की संख्या 80 हजार के करीब पहुंच जाएगा। और 3250 लोगों की जानें जाएंगी। 24 मार्च के आंकड़े के मुताबिक, चीन में 81,558 लोग संक्रमित हैं और 3281 लगों की मौत हो चुकी है। वहीं,डेटा देखने से पता चलता है कि नए केस में गिरावट आ रही है। लेविट का कहना है कि दूसरे देशों के लिए भी यही टर्निंग पॉइंट हो सकता है। उन देशों में भी जहां प्रशासन ने कठोर नीति लागू नहीं की है। कोविड-19 से प्रभावित ज्यादातकर रोज के नए केस की संख्या कम करने में जुटे हुए हैं। दक्षिण कोरिया उन देशों में शामिल है जिसके बारे में लेविट ने कहा था कि वहां रोज के नए केस में कमी आएगी।

**लोगों में फैली बेवजह घबराहट :** लेविट का यह भी मानना है कि लोगों में बेवजह घबराहट भी फैली हुई है। उन्होंने कहा कि वायरस तभी बढ़ सकता है जब इसे डिटेक्ट न किया जा सके या कोई इसको नियंत्रित करने पर काम न कर रहा हो। कई विशेषज्ञ जहां वेट ऐंड वॉच पॉलिसी में यकीन कर रहे हैं वहीं लेविट कहते हैं जब तक कोविड19 के खिलाफ ठोस प्रयास किए जा रहे हैं सबकुछ सामान्य हो जाएगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### अयोध्या में रामलला अस्थायी मंदिर में शिफ्ट

**अयोध्या (ए.)।** भगवान श्रीरामलला आज बुधवार को नवरात्रि के पहले दिन अस्थायी फाइबर मंदिर में शिफ्ट हो गए। रामलला की शिफ्टिंग के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे।

आज सुबह 3 बजे रामजन्मभूमि परिसर में स्थित गर्भगृह में रामलला को स्नान और पूजा-अर्चना के बाद अस्थायी मंदिर में शिफ्ट कर दिया गया। उस दौरान रामजन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास, ट्रस्ट के सदस्य राजा बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र, सदस्य अनिल मिश्रा, ट्रस्ट के महासचिव चपंत राय, दिगंबर अखाड़े के महंत सुरेश दास, अवनीस अवस्थी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। मंत्रोच्चार के साथ गर्भ गृह से रामलला को उनके तीनों भाइयों और सालिकराम के विग्रह के साथ अस्थायी नए आसन पर शिफ्ट किया गया और नए मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरती की। अयोध्या में बुधवार को रामलला को चांदी के सिंहासन पर विराजमान किया गया।

### कोरोना: निवेशकों के डूब गए 58 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली (ए.)।** कोरोना वायरस का प्रकोप दुनियाभर के शेयर बाजारों पर कहर बनकर टूट पड़ा है। खासकर भारतीय शेयर बाजार के लिए तो यह कहर साबित हुआ है। पिछले करीब दो महीने में ही भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों के 58 लाख करोड़ रुपये डूब गए हैं। मुकेश अंबानी, गौतम अडानी जैसे दिग्गज कारोबारियों को भी भारी नुकसान हुआ है। गौरतलब है कि इस साल 20 जनवरी को बीएसई (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) सेंसेक्स और एनएसई (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) निफ्टी ?रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए थे। उस दिन बीएसई का बाजार पूंजीकरण 160.57 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया था।

इस सोमवार यानी 23 मार्च को सेंसेक्स बीएसई का बाजार पूंजीकरण महज 101.86 लाख करोड़ रुपये रह गया है। यानी इस दौरान निवेशकों को करीब 58 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कोरोना की वजह से पिछले दो महीने में शेयर बाजार में भारी गिरावट का दौर रहा है और सेंटिमेंट पूरी तरह से खराब है।

### मप्र: थप्पड़ मारने वाली कलेक्टर पर गिरी गाज

**भोपाल (ए.)।** मध्य प्रदेश की कमल नाथ सरकार में भाजपा नेताओं से भिड़ने वाले अफसरों के खिलाफ शिवराज सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। राजगढ़ में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के समर्थन में रैली के दौरान भाजपा नेताओं से हाथापाई करने वाली कलेक्टर निधि निवेदिता और रीवा के नगर निगम कमिश्नर सभाजीत यादव को मंगलवार को हटाकर मंत्रालय में पदस्थ कर दिया। 2012 बैच के आईएएस अफसर नीरज कुमार सिंह को राजगढ़ कलेक्टर बनाया गया है। सिंह अब तक संचालक बजट थे। वहीं, रीवा नगर निगम कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार जिला पंचायत रीवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्पित वर्मा को दिया है। विवादों में रहे हैं दोनों अफसर राजगढ़ कलेक्टर निधि निवेदिता ने नागरिकता संशोधन कानून के समर्थन में भाजपा द्वारा निकाली गई रैली में पार्टी के मीडिया प्रभारी को थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद उन्होंने ब्यावरा में एक असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर को थप्पड़ मारा।

ताजा खबर

● दिल्ली: सभी डीएम को निर्देश- किराएदार डॉक्टरों को परेशान करने वालों पर लें एक्शन ● सेंसेक्स में 428 अंकों की उछाल, 27102 पर खुला ● रूस के क्यूरिल क्षेत्र में 7.5 की तीव्रता से भूकंप के झटके

**ब्रेकिंग न्यूज** ● फ्रांस में 240 लोगों की मौत, मरने वालों की संख्या हुई 1100 ● जम्मू-कश्मीर: पुलिस की इमामों से अपील- लोगों को घर पर नमाज़ पढ़ने की सलाह दें